घटना | आधी रात तक चला रेस्क्यू अभियान, मृतक की पहचान अभिषेक पाटस्कर के रूप में हुई

# 13 घंटे बाद मिला नदी में डूबे किशोर का शव

**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत केवई नदी में शनिवार शाम नहाने गए 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। करीब 13 घंटे तक चले तलाश अभियान के बाद रविवार सुबह 6.10 बजे किशोर का शव घटनास्थल के समीप पानी में उतराता मिला। परिजनों ने शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 6, कोतमा निवासी 15 वर्षीय अभिषेक पाटस्कर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अभिषेक शनिवार शाम अपने दोस्तों के साथ लहसुई गांव की ओर गया था। केवई नदी पर बने रपटे को पार करने के बाद करीब 100 से 150 मीटर दूर स्टॉप डैम के समीप कुंडनुमा गहरे स्थान पर सभी नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया और डूब गया।



### मृतक को तैरना नहीं आता था

बताया गया कि अभिषेक को तैरना नहीं आता था। उसे डूबता देखकर साथ मौजूद दोस्त घबरा गए और घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने कोतमा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा तथा नदी की अधिक गहराई के कारण सफलता नहीं मिली।

### आपदा प्रबंधन टीम को किया गया था अलर्ट

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मुख्यालय अनूपपुर को सूचना दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट किया गया। प्लाटून कमांडर एवं टीम प्रभारी राम नरेश भवेदी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ की टीम आवश्यक उपकरणों के साथ करीब 60 किलोमीटर दूर घटनास्थल पर पहुंची थी।

**पीएम के लिए शव को स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भेजा गया**

एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने शनिवार रात करीब 12.30 बजे तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। टॉर्च और सर्च लाइट की मदद से नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश की गई, लेकिन रात में किशोर का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह करीब 6.10 बजे परिजनों को नदी किनारे पानी में शव उतराता दिखाई दिया। शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भेज दिया।

# उपवास व धरने के बाद निकाली पैदल रैली




**पांच सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** टीईटी की अनिवार्यता सहित लंबित पांच सूत्री मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा शाखा अनूपपुर के बैनर तले जिले के शिक्षकों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया।

शिक्षकों ने दिनभर उपवास और धरना देने के बाद शाम को सामतपुर स्थित शिव मारुति मंदिर तालाब से पैदल रैली निकाली और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार वेद प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने वर्तमान में सेवारत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से मुक्त रखने की मांग की।

### समयमान वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग

इसके साथ ही अध्यापक शिक्षक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण का लाभ देने, अव्यावहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने तथा लंबित क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान के आदेश जारी करने की मांग रखी गई।

### समर्पण और सेवा का ध्यान रखना चाहिए : निगम

शिक्षक संघ अनूपपुर के जिला अध्यक्ष संजय निगम ने कहा कि लंबे समय से विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों के अनुभव, समर्पण और सेवा योगदान को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में लगाए हैं, ऐसे में उनकी वर्षों की सेवा और अध्यापन अनुभव को भी योग्यता का महत्वपूर्ण आधार माना जाना चाहिए।

# साइबर सेल की मदद से ढूंढे 20 गुमशुदा मोबाइल

**कोतमा पुलिस की सफलता आवेदकों के खिले चेहरे**

**कोतमा नवभारत 20 सितंबर।** कोतमा पुलिस ने साइबर सेल अनूपपुर के सहयोग से विभिन्न स्थानों से गुम हुए कुल 20 कीमती मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किए हैं। बरामद किए गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 2.20 लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल द्वारा गुम मोबाइलों की पतासाजी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों एवं साइबर सेल अनूपपुर के निरंतर सहयोग से कठिन प्रयास करते हुए 20 गुमशुदा मोबाइलों को सफलता पूर्वक खोज निकाला।



**आवेदकों को सौंपे गए मोबाइल**

20 सितंबर को थाना परिसर कोतमा में सभी संबंधित आवेदकों को बुलाकर उनके गुम हुए मोबाइल फोन विधिवत सुपुर्द किए गए। काफी समय से गुम हुए अपने महंगे मोबाइल वापस पाकर आवेदकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उपस्थित नागरिकों एवं मोबाइल स्वामियों ने कोतमा पुलिस और साइबर सेल की इस त्वरित व सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शराबी पति करता है प्रताड़ित

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत घाना निवासी एक महिला शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आ गई है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कुशवाहा 26 वर्ष निवासी घाना बरगी रोड ने लिखित शिकायत की कि उसकी शादी 21 मई 21 को घाना निवासी विकास कुशवाहा के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। उसे अपने साथ न रखने एवं दूसरी शादी करने की कहता है। पिता के घर से पैसे लाने दबाव बना शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। जिससे तंग आकर तीन माह से मायके ग्राम खुलरी तिलवारा में माता पिता के साथ रह रही है।

# छात्रों की गूंज में राहुल गांधी से मिले विधायक मार्को

**जनजातीय विश्वविद्यालय से जुड़ी समस्याओं को उठाया**

**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक की विभिन्न समस्याओं सहित जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों की शिक्षा, रोजगार के अवसर तथा अमरकंटक के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विधायक मार्को ने राहुल गांधी को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक से जुड़े विभिन्न विषयों और समस्याओं से अवगत कराया।



### विद्यार्थियों की शिक्षा और रोजगार पर जोर

मुलाकात के दौरान जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनके लिए बेहतर शैक्षणिक एवं रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक ने कहा कि विश्वविद्यालय का लाभ स्थानीय सहित आसपास के जनजातीय क्षेत्रों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचे, इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जाने चाहिए।

**अमरकंटक के विकास का मुद्दा भी उठा**

विधायक मार्को ने अमरकंटक की धार्मिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन संबंधी विशेषताओं से भी राहुल गांधी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा का उद्गम स्थल होने के कारण अमरकंटक का देश में विशेष धार्मिक महत्व है। इसके साथ ही क्षेत्र प्राकृतिक संपदा और जनजातीय संस्कृति की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अमरकंटक में जनसुविधाओं के विस्तार, पर्यटन विकास तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

**एक नजर में**

## मतदाता जागरूकता अभियान 2 से

**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक जिले के मतदान केंद्रों पर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पात्र नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर बलबीर रमन ने जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए।

## नेवले ने दहशत फैलाई

**जबलपुर।** कोतवाली थानांतर्गत दीक्षित पुरा निवासी प्रशांत राव के घर में रात आठ बजे अचानक रसोईघर में बर्तन खड़खड़ाते हुए जमीन पर गिर पड़े जिसके कारण वहां परिजनों में दहशत व्याप्त हो गई कमरे से लगातार भगदड़ जैसी आवाज आ रही थी जब परिजनों ने खिड़की से कमरे में झांक कर देखा तो गैस चूल्हे के पास एक नेवला बैठा देखकर वहां अफरा तफरी मच गई। बाद में तत्काल सर्प एवं वन्य जीव विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए नेवले को पकड़कर उसी क्षेत्र में छोड़ दिया। फिलहाल सभी ने राहत की सांस ली।

## गांजा तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर।** ग्वारीघाट पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बादशाह हलवाई मंदिर चंडी माता मंदिर के पास घेराबंदी कर पवन अहिरवार पिता स्व.गरीबदास अहिरवार 18 वर्ष निवासी चंडी माई मंदिर के पास बादशाह हलवाई मंदिर ग्वारीघाट को पकड़ा गया।

# खरीफ उपार्जन के 23 पंजीयन केंद्र निर्धारित

**10 अक्टूबर तक किसान करा सकेंगे पंजीयन**

**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया जिले में 15 सितंबर से शुरू हो गई है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 23 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं।

निर्धारित पंजीयन केंद्रों में अ.जा. सेवा सहकारी समिति अमलाई (पयारी), पसान (भालूमाड़ा), मझगवां (फुनगा), छिल्पा, अनूपपुर, दुलहरा, पटनाकला, जैतहरी, धनगवां, वेंकटनगर, कोतमा, देवगवां, आमाडांड, कोठी, बिजुरी, निगवानी, पीडीएस भवन खोड़ी नंबर-1, भलमुड़ी (सेमरा), राजेंद्रग्राम, दमेंहड़ी, भेजरी, बेनीबारी एवं लीलाटोला शामिल हैं।

### आधार में दर्ज नाम का किया जाएगा मिलान

पंजीयन के लिए किसान के आधार नंबर का मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी अथवा बायोमैट्रिक के माध्यम से सत्यापन अनिवार्य होगा। भू-अभिलेख/एग्रीस्टेक एवं आधार में दर्ज नाम का मिलान होने के बाद ही पंजीयन किया जाएगा। नाम में किसी प्रकार की विसंगति होने पर तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा सत्यापन किया जाएगा।

# 50 हजार के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**अनूपपुर, नवभारत 20 सितंबर।** गांजा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अनूपपुर कोतवाली पुलिस ने 19-20 सितंबर की दरमियानी रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5.60 किलो गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 1 लाख 30 हजार 600 रुपये बताई गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक क्रमांक एमपी 65 जेडए 9670 से बैग में गांजा लेकर अनूपपुर से राजेंद्रग्राम की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने राजेंद्रग्राम-अनूपपुर मार्ग स्थित कोयलारी तिराहे के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध बाइक को रोककर उसमें सवार दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया।

**5 .60 किलो गांजा किया बरामद**

पूछताछ में आरोपियों की पहचान दिनेश कुमार बंजारा और सुनील उर्फ मज्जू यादव के रूप में हुई। बाइक पर रखे बैग की तलाशी लेने पर पांच पैकेटों में कुल 5 .60 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 50 हजार 600 रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



# धार्मिक आयोजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**विश्वकर्मा पूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न**

**बिजुरी, नवभारत 20 सितंबर।** बिजुरी नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। पिछले 40 वर्षों से चली आ रही धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी मंदिर समिति द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह के दौरान विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। विश्वकर्मा पूजन समारोह को लेकर पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा। पूजा-अर्चना का विधिवत आयोजन वरिष्ठ पुरोहित एवं शिक्षक लोमस द्विवेदी द्वारा संपन्न कराया गया। तीन दिवसीय समारोह के दौरान विभिन्न ग्रामों से पहुंची मानस एवं भक्ति संगीत मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

ग्राम कोठी से राकेश सोनी एवं साथियों, ग्राम डोंगरिया छोट से दुर्गा जोगी बजरंग मारुति मानस मंडली तथा ग्राम बेलिया छोट से प्यारेलाल कल्याणी सूर्या संगीत मंडली ने मानस एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजन को सफल बनाने में केस कुमार विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, भोला शर्मा, एडवोकेट रमेश गुप्ता, एडवोकेट शिव कुमार, विकास पांडेय, हीरालाल प्रजापति, रतन बिहारी सोनी, कांति विश्वकर्मा, कलावती सिंह, धीरज विश्वकर्मा एवं राजू विश्वकर्मा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# बिना संघर्ष मजदूरों को नहीं मिलेगा हक : हरिद्वार सिंह

**12वें वेतन समझौते पर दिया बयान, एकजुटता पर दिया जोर**

**जमुना कोतमा नवभारत 20 सितंबर। कोयला उद्योग में 12वें वेतन समझौते, श्रमिकों के बोनस और आंदोलन की आगामी रणनीति को लेकर प्रख्यात मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोयला मजदूरों को उनके अधिकार बिना संघर्ष और एकजुटता के हासिल नहीं होंगे।**



उनके मुताबिक, अब समय है कि पांचों श्रमिक यूनियनें जमीनी स्तर पर अपनी चट्टानी एकता बनाए रखें, ताकि मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रबंधन और सरकार के समक्ष मजबूती से पक्ष रखा जा सके। हरिद्वार सिंह ने कहा कि 12वें वेतन समझौते के लिए जेबीसीसीआई का गठन भारत सरकार के निर्देश पर होता है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में अपेक्स जेसीसी की बैठक में कोल इंडिया के शीर्ष नेतृत्व और प्रबंधन के बीच चर्चा हुई थी, जिसमें सकारात्मक बातचीत होने की जानकारी सामने आई। इसी के चलते 12 तारीख को प्रस्तावित संयुक्त कन्वेंशन में आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया फिलहाल स्थगित की गई है। हरिद्वार सिंह ने जोर देते हुए कहा कि वेतन समझौते से लेकर बोनस तक, हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर यूनियनों की एकजुटता ही मजदूरों की ताकत है।

**3 और 4 को जेसीपी की बैठक प्रस्तावित**

वेतन समझौते और बोनस को लेकर आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए हरिद्वार सिंह ने बताया कि 3 और 4 अक्टूबर को कोलकाता में अपेक्स जेसीसी की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में बोनस सहित श्रमिकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। चार नए लेबर कोड लागू होने के बाद प्रबंधन के सामने कुछ नई परिस्थितियां और असुविधाएं उत्पन्न हुई हैं। ऐसे में बोनस के विषय पर होने वाली आगामी बैठक और वार्ता महत्वपूर्ण होगी।

## एसबीसी : 14 निर्वाचित, अब 8 प्रत्याशी मैदान में

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की द्वितीय चरण की मतगणना में शनिवार को एलिमिनेशन राउंड का 31 वां दिन पूरा हुआ। प्रत्याशी क्रमांक 71 प्रेम सिंह भदौरिया (ग्वालियर) का एलिमिनेशन पूरा हो गया, जबकि प्रत्याशी क्रमांक 83 राजेश कुमार पांडे (सागर) के एलिमिनेशन की प्रक्रिया शुरू हुई। उनके शेष मतों की गणना आगे होगी। मतगणना के दौरान प्रत्याशी क्रमांक 110 सुनील कुमार मिश्रा (जबलपुर) ने निर्धारित कोटा पार कर लिया। इसके साथ ही उन्हें निर्वाचित माना गया। अब तक कुल 14 प्रत्याशी निर्धारित कोटा पार कर निर्वाचित माने गए हैं।



## धूमधाम से मनाया महर्षि कश्यप ऋषि का प्रकटोत्सव

अनूपपुर, नवभारत। कसौधन समाज अनूपपुर द्वारा 19 सितंबर को आस्था होटल में महर्षि कश्यप ऋषि जी का प्रकटोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों एवं महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम समाज के संरक्षक जनार्दन गुप्ता एवं चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकरण गुप्ता, प्रदेश महामंत्री ज्ञानचंद गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता तथा राष्ट्रीय आजीवन सदस्य जगदीश गुप्ता के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता, महामंत्री अशोक गुप्ता, नगर इकाई अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं विश्वनाथ गुप्ता सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

अभियान | सेवा संकल्प अभियान में रंगोली, मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने का कार्यक्रम किया आयोजित

# खेल गतिविधियों से दिया स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश

**जैतहरी नवभारत 20 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 19 सितंबर 2026 को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेंदुरी, विकासखंड जैतहरी में विभिन्न रचनात्मक, जागरूकता एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली निर्माण, मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा निर्माण, भाषण, गीत तथा मेंढक दौड़ जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार किया गया।



### फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज का दिया नारा

कार्यक्रम के आयोजक विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी, जिला अनूपपुर, स्टेट रेफरी एवं नेशनल ट्रेनर वॉलीबॉल तथा नशामुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज', 'नशा छोड़ो, रिश्ता जोड़ो', 'व्यायाम करिए, स्वस्थ रहिए' जैसे संदेशों के माध्यम से नियमित व्यायाम, खेल और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया।

### रचनात्मक प्रतिभा का किया प्रदर्शन

विद्यालय की प्रधानाध्यापक सुनीता गुप्ता के साथ शिक्षिका राजकुमारी दास, शिवराज सिंह पटेल, सीएमसी-डीसी सचिव उमा सिंह राठौर सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रंगोली एवं मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**स्वस्थ समाज के निर्माण में नशामुक्ति जरूरी**

मंच संचालन एवं प्रेरक नारों का नेतृत्व दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज के निर्माण में खेल, व्यायाम, स्वच्छता एवं नशामुक्त जीवनशैली की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।